## ★ प्रस्ताव 34 के पक्ष में तर्क ★

स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागतें California के लाखों लोगों को परेशान कर रही है। प्रस्ताव 34 California के मरीज़ों और करदाताओं को अत्यावश्यक राहत पहुंचाएगा, और राज्य में दवा की लागतों को कम करेगा, जबकि California के करदाताओं के कई बिलियन डॉलरों की बचत होगी।

प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की कीमतों में कटौती

प्रस्ताव 34, California राज्य को Medi-Cal प्रिस्क्रिप्शन दवा की कम लागत पर सौदेबाजी करने के लिए स्थायी रूप से अधिकृत करके Medi-Cal मरीज़ों के लिए प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की लागत में भारी कटौती करेगा।

मरीज़ों और करदाताओं की सुरक्षा

प्रस्ताव 34, करदाताओं के हर साल कई मिलियन डॉलर बचाएगा, क्योंकि यह लालची स्वास्थ्य सेवा निगमों को, California में दवाओं में छूट प्रोग्राम के माध्यम से प्राप्त करदाता निधि का कम से कम 98% सीधे मरीज़ों के इलाज पर खर्च करने को ज़रूरी बनाता है।

CALIFORNIA में स्वास्थ्य सेवा निगमों के वित्तीय दुरुपयोग को रोकना

प्रस्ताव 34, California में करदाता-वित्तपोषित दवाओं में छूट प्रोग्राम के गंभीर वित्तीय दुरुपयोग को रोकता है।

30 साल से भी ज़्यादा पहले, संघीय सरकार ने, बिना बीमा वाले और कम आय वाले मरीज़ो को छूट वाली प्रिस्क्रिप्शन दवाएँ और अन्य उपचार देना शुरू किया था। हालांकि, पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा निगमों ने सिस्टम को धोखा देने और दवाओं में छूट प्रोग्राम से पैसे को उन पसंदीदा परियोजनाओं में लगाने के लिए एक कानूनी खामी का इस्तेमाल किया, जिनसे मरीज़ों को कोई लाभ नहीं पहुंचा: निजी संगीत प्रोग्राम आयोजित करने के लिए फ़ुटबॉल स्टेडियम किराए पर लेने, अपने अधिकारियों को कई मिलियन डॉलर का वेतन देने, खेल स्टेडियमों के नामकरण अधिकारों के लिए भुगतान करने, लॉबिंग पर लाखों खर्च करने और राजनीतिक अभियानों में लाखों डॉलर खर्च करने पर पैसा बर्बाद किया।

इससे भी बदतर, वही निगम जो करदाताओं के कई बिलियन डॉलर प्राप्त करते हैं, उन्होंने ऐसी आवासीय परियोजनाओं पर सैकड़ों मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, जिन्हें अक्सर झुग्गियों की तरह चलाया जाता है। LA Times की एक जांच में पाया गया कि इनमें से कई आवासीय परियोजनाओं के निवासियों को गंदी परिस्थितियों में रहने के लिए मजबूर किया गया, वे कॉकरोच और खटमल के संक्रमण के संपर्क में थे, जिससे किरायेदारों का स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा जोखिम में पड़ गई।

प्रस्ताव 34, California में इस दुरुपयोग को होने से रोकेगा और दवाओं में छूट प्रोग्राम के कारण California में अर्जित डॉलरों को उनके इच्छित ‍ द्देश्य के लिए इस्तेमाल करना ज़रूरी बनाएगा: मरीज़ों की मदद करना।

दुर्व्यवहार करने वालों को जवाबदेह ठहराना

प्रस्ताव 34 उल्लंघनकर्ताओं को जवाबदेह ठहराता है। जो स्वास्थ्य सेवा संगठन नियम तोड़ते हैं और इन करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें या तो सीधे मरीज़ की देखभाल पर खर्च करने के लिए फिर से प्रतिबद्ध होना पड़ेगा या अपने California कर-छूट स्थिति और पेशेवर लाइसेंसों को खोने का जोखिम उठाना पड़ेगा।

प्रस्ताव 34, उन बुरे लोगों पर लक्षित है जिन्होंने अपने स्वयं के इस्तेमाल के लिए, करदाताओं के कई बिलियन डॉलरों को अपनी जेब में डालने के लिए लगातार सिस्टम का दुरुपयोग किया है। इसलिए इसे एक व्यापक गठबंधन द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसमें ऐसे संगठन शामिल हैं जो LGBTQ समुदाय के मरीज़ों और नेताओं की मदद करने की वकालत करते हैं। प्रस्ताव 34 का समर्थन करने वालों में California क्रॉनिक केयर कोएलिशन, the ALS एसोसिएशन, डिफिटिंग एपिलेप्सी फाउंडेशन, California सीनियर एलायंस, AiArthritis, सपोर्ट फाइब्रोमायल्जिया नेटवर्क, ल्यूपस एंड एलाइड डिजीज एसोसिएशन, इंक., और द कम्युनिटी एक्सेस नेशनल नेटवर्क शामिल हैं।

अब समय आ गया है कि उन कॉर्पोरेट खामियों को दूर किया जाए जो अमीर फ़ार्मेसी कॉर्पोरेशंस को, मरीज़ों की मदद के लिए दिए जाने वाले पैसों को कहीं और भेजने की अनुमति देती हैं। मरीज़ों की अभी रक्षा करें। प्रस्ताव 34 पर हाँ में मतदान करें। *YesOnProp34.com* पर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

**असेम्बली के सदस्य Evan Low**, पूर्व अध्यक्ष
विधायी LGBT कॉकस

**Kelly Goss**, प्रबंध निदेशक
ALS संघ

**Nilza Serrano**, संस्थापक
लैटिनो विरासत Los Angeles

34

## ★ प्रस्ताव 34 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

34 पर नहीं का मतदान दें—बदले वाली पहल। अरबपति मकान मालिकों का प्रतिनिधित्व करने वाला California अपार्टमेंट एसोसिएशन सरासर झूठ बोल रहा है। प्रस्ताव 34 का एक और केवल एक उद्देश्य है: AIDS हेल्थकेयर फाउंडेशन (AHF) को किराया नियंत्रण समर्थन करने से रोकना।

क्या आपको लगता है कि ये अरबपति मकान मालिक, अचानक गरीब California वासियों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के बारे में इतने चिंतित क्यों हैं? और यह झूठ है कि इससे दवा की लागतें कम हो जाएगी क्योंकि Medi-Cal ने पहले ही किफायती दवा प्रोग्राम लागू कर दिया है।

AHF, प्रस्ताव 33—किराया नियंत्रण पहल का प्रायोजक है। मकान मालिक, अपने घिनौने कॉर्पोरेट मुनाफे की रक्षा के लिए कई मिलियन्स खर्च कर रहे हैं, जबकि California के 17 मिलियन किराएदारों में से 50% से अधिक किराएदार अपनी आय का 30% से अधिक किराए में दे रहे हैं।

आपने देख होगा कि वे AHF का नाम तक नहीं लेते क्योंकि वे नहीं चाहते कि आपको पता चले कि वे दुनिया के सबसे बड़े AIDS संगठन को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

जब संघीय 340B, दवाओं में छूट प्रोग्राम को सरकारी धन कहते हैं तो वे झूठ बोल रहे हैं। 340B से प्राप्त 100% निधियाँ छूट से आती है जो सीधे दवा कंपनियों की जेब से आती हैं। इनसे भ्रमित न हों—बड़ी फार्मा कंपनियों ने प्रस्ताव 34 के लिए कई सहायक संगठनों में योगदान दिया है। एक मज़बूत 340B प्रोग्राम California के लिए अच्छा, बड़ी फार्मा कंपनियों के लिए बुरा है।

जैसा कि वे अपने आप स्वीकार करते हैं, गैर-लाभकारी संस्थाओं को संघीय कानून द्वारा इन दवा कंपनी छूटों का इस्तेमाल, उनके गैर-लाभकारी मिशन के अनुसार, करने की अनुमति है—किराया नियंत्रण, महिलाओं के प्रजनन अधिकारों और एक स्वस्थ वातावरण की वकालत करना।

बदले की पहल पर नहीं के पक्ष में वोट करें।

**Jerilyn Stapleton**, बोर्ड सदस्या
महिलाओं के लिए राष्ट्रीय संगठन

**Jamie Court**, प्रेज़ीडेंट
उपभोक्ता प्रहरी

**Larry Gross**, कार्यकारी निदेशक
आर्थिक उत्तरजीविता के लिए गठबंधन



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 34 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 34, California अपार्टमेंट एसोसिएशन (CAA) को नियंत्रित करने वाले अरबपति मकान मालिकों द्वारा प्रायोजित किया गया है।

यह पहल, भेड़ की खाल में भेड़िया है। इसका केवल एक ही उद्देश्य है: AIDS हेल्थकेयर फाउंडेशन (AHF) को किराया नियंत्रण को बढ़ावा देने से रोकना। यह मरीज़ों की सुरक्षा का दावा करता है, लेकिन इसका वास्तविक उद्देश्य AHF को किरायेदार सुरक्षा को मतपत्र पर रखने से रोकना है।

इसी मतपत्र पर प्रस्ताव 33 है, किराया नियंत्रण पहल जो केवल 23 शब्दों में है: "राज्य किसी भी शहर, काउंटी या शहर और काउंटी के आवासीय किराया नियंत्रण को बनाए रखने, लागू करने या विस्तारित करने के अधिकार को सीमित नहीं कर सकता है।" AHF इस किराया नियंत्रण पहल का मुख्य वित्तपोषक है। प्रस्ताव 33, स्थानीय लोगों की किराए को स्थिर करने की क्षमता को बहाल करता है और California के 17 मिलियन संघर्षरत किरायेदारों को कुछ राहत देता है।

किरायेदारों को लूटने वाले CAA और अरबपति समर्थक, हर कीमत पर किराया नियंत्रण को रोकना चाहते हैं। क्या कोई यह मान सकता है कि ये कॉर्पोरेट मकान मालिक अचानक स्वास्थ्य सेवा में रुचि लेने लगे हैं? और अनुमान लगाइए कि प्रस्ताव 34 के लिए आप जो अंतहीन विज्ञापन देखेंगे, उसके पीछे कौन है—बड़ी दवा कंपनियाँ, अपने खरीदे और भुगतान किए गए फ्रंट ग्रुप के ज़रिए। ये दो दुष्ट उद्योग, AHF को नष्ट करने की चाह में एकजुट हैं, जो कम किराए और कम दवा कीमतों के लिए सबसे शक्तिशाली आवाज़ है।

AHF दुनिया का सबसे बड़ा AIDS संगठन है, जिसके अंतर्गत 47 देशों में 2 मिलियन लोग देखभाल में हैं। हमारा मिशन है: भुगतान करने की क्षमता की परवाह किए बिना, अत्याधुनिक चिकित्सा की उपलब्धता और उसकी वकालत।

AHF का जन्म, इस आक्रोश से हुआ कि AIDS के मरीज़ अक्सर काउंटी अस्पताल के गलियारों में मर रहे थे। AIDS के मरीज़ों को मृत्यु के लिए एक जगह की ज़रूरत थी। सौभाग्य से, HIV उपचार में काफी सुधार हुआ है, जिससे आज हमारे मरीज़ों के सामने आवास, #1 समस्या है।

प्रस्ताव 34, लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। यह, एक संगठन को दंडित करने और उन्हें चुप कराने के लिए शक्तिशाली हितों को लक्षित करके, पहल प्रक्रिया को हथियार बनाने का प्रयास करता है। यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो यह प्रजनन अधिकारों, किराएदारों की ज़रूरतों और पर्यावरण संरक्षण के लिए वकालत करने की संगठनों की क्षमता को ख़तरे में डाल देगा। Los Angeles Times ने भी इसे "स्वार्थी" मतपत्र पहल के रूप में वर्णित किया है जो "नए निम्नतम स्तर" पर पहुंच गई है।

यदि यह कानून बन जाता है, तो यह कहाँ रुकेगा? इसी कारण से, राष्ट्रीय महिला संगठन, उपभोक्ता निगरानी, आर्थिक अस्तित्व के लिए गठबंधन, यूनाइट हियर लोकल 11, Dolores Huerta और कई अन्य लोगों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है।

हमें विश्वास है कि आप, मतदाता, इस कॉर्पोरेट मकान मालिक घोटाले को समझेंगे और प्रस्ताव 34 पर नहीं के पक्ष में मतदान करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए *www.votenoon34.org* पर जाएँ।

**Jerilyn Stapleton**, बोर्ड सदस्या
महिलाओं के लिए राष्ट्रीय संगठन

**Larry Gross**, कार्यकारी निदेशक
आर्थिक उत्तरजीविता के लिए गठबंधन

**Condessa M. Curley, M.D. /MPH**, बोर्ड के सदस्य
AIDS स्वास्थ्य देखभाल संस्थान

34

## ★ प्रस्ताव 34 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

जब हमारे पास बुरे कॉर्पोरेट संचालक होते हैं जो सार्वजनिक प्रोग्रामों से लाभ कमाते हैं, तो हमारे परिवार जिन सेवाओं पर निर्भर करते हैं, जैसे स्कूल, सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता, उन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन निगमों द्वारा वर्तमान प्रणाली का दुरुपयोग किया जा रहा है जो हर साल मरीज़ देखभाल के लिए निर्धारित कई बिलियन डॉलर बर्बाद कर रहे हैं और हमारे समुदायों को कम सुरक्षित बना रहे हैं, जिससे जनता का स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

मरीज़ों की मदद करने के बजाय, उन  नधियों का इस्तेमाल इन चीज़ों के लिए किया जा रहा है:

असुरक्षित और स्वास्थ्य संहिताओं का उल्लंघन करने वाली झुग्गियों को वित्तपोषित करना:

*https://www.latimes.com/homeless-housing/story/2023-11-16/aids-healthcare-foundation-low-income-housing-landlords*

कम आय वाले किराएदारों पर मुकदमा चलाना और उन्हें सड़क पर फेंकना:

*https://www.poz.com/article/aids-healthcare-foundation-reportedly-houses-tenants-squalid-conditions*

स्टेडियम के नामकरण के अधिकार खरीदना:

*https://www.nytimes.com/2022/09/24/health/bon-secours-mercy-health-profit-poor-neighborhood.html*

और कॉर्पोरेट CEOs को कई मिलियन डॉलरों का भुगतान करना:

*https://lowninstitute.org/projects/2023-shkreli-awards/*

प्रस्ताव 34, संघीय किफायती प्रिस्क्रिप्शन दवा प्रोग्राम के सबसे खराब कॉर्पोरेट दुरुपयोग को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि मरीज़ों के लिए निर्धारित धन, निगमों कीपसंदीदा परियोजनाओं, राजनीतिक धर्मयुद्धों या ऐसे तरीकों से बर्बाद न हो जो जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। प्रस्ताव 34 यह सुनिश्चित करेगा कि सार्वजनिक निधियों का दुरुपयोग करने वाले निगमों को जवाबदेह ठहराया जाए। धोखाधड़ी को रोकने का समय आ गया है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीज़ों के लिए निर्धारित धन, सार्वजनिक सुरक्षा को जोखिम में न डालते हुए, उन लोगों की देखभाल पर खर्च किया जाए जिन्हें मदद की ज़रूरत है। प्रस्ताव 34 पर हाँ में मतदान करें।

**Brian K. Rice**, प्रेज़ीडेंट
California पेशेवर अग्निशामक

**Stuart Fong**, अध्यक्ष
San Francisco हेपेटाइटिस B से मुक्त (Hep B Free)

**पादरी Dwight Williams**, अध्यक्ष
California वरिष्ठ गठबंधन